# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,


खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्थौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 1237 / का0प्र0- 09 / 105 दिनांक 20/5/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "बिल वसूलने पहुंची जल जीवन मिशन की टीम ग्रामीणों के सवाल पर लौटी" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 20.05.2026 को ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"बिल वसूलने पहुंची जल जीवन मिशन की टीम ग्रामीणों के सवाल पर लौटी"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम बिचपुरी विकास खण्ड राजेपुर में अधिष्ठापित पेयजल योजना पर वर्तमान में उच्चजलाशय का निर्माण कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण, पम्प हाउस निर्माण पूर्ण, बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 5512 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 5512 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित 288 नग गृहसंयोजन के सापेक्ष 42 नग गृहसंयोजन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा सोलर अधिष्ठापन का कार्य अवशेष है। उक्त के अतिरिक्त महोदय को यह भी अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खण्ड कार्यालय में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा पेयजल गृहसंयोजन हेतु जल कर वसूलने हेतु कोई भी ऐसी टीम गठित नही की गई है साथ ही 227 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 69 नग पेयजल योजनाओं पर निःशुल्क पेयजल आपूर्ति की जा रही है जिसका कोई भी कर ग्राम पंचायत/ग्रामीण से वर्तमान में शुल्क नही लिया जा रहा है।

उक्त के संबंध में मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा 15 दिवसों में समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति चालू करने का आश्वासन दिया गया है साथ ही अवशेष गृहसंयोजन, वितरण प्रणाली, रोडरेस्टोरेशन, उच्चजलाशय तथा सोलर अधिष्ठापन इत्यादि अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित कर दिया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित ।**

**संलग्नक:– उपरोक्तानुसार ।**

भवदीय,

SAJAN KUMAR
(सजन कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0 (खण्डान्तर्गत)।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# बिचपुरी में टंकी नहीं बनी, बिना पानी आए बिल: बिल वसूलने पहुंची जल जीवन मिशन की टीम ग्रामीणों के सवाल पर लौटी

मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी |
अमृतपुर(सदर), फर्रुखाबाद
1 दिन पहले




फर्रुखाबाद के कमालगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिचपुरी में जल जीवन मिशन अब ग्रामीणों के लिए योजना कम और हास्य कार्यक्रम ज्यादा बन चुका है। यहां चार साल बीत गए, लेकिन पानी की टंकी आज तक बनकर तैयार नहीं हो सकी। मौके पर केवल बाउंड्रीवाल खड़ी है, जिसे देखकर ऐसा लगता है जैसे निर्माण कार्य नहीं बल्कि कोई अधूरा सपना छोड़ दिया गया हो। हैरानी की बात यह है कि गांव में अभी तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई, लेकिन सरकारी कागजों में योजना पूरी रफ्तार से दौड़ रही है। रिकॉर्ड में कनेक्शन आवंटित हो चुके हैं, कर्मचारियों की भर्ती भी दिखाई जा रही है और ऊपर से पानी का बिल वसूलने टीम भी गांव पहुंच गई। गांव निवासी मनीष राजपूत, उत्तम राजपूत, सुधीर राजपूत और योगेंद्र राजपूत के मुताबिक जब बिल वसूली टीम गांव में पहुंची तो ग्रामीणों ने उनसे सीधा सवाल पूछ लिया कि "भाई साहब, पानी आखिर आ कहां रहा है?" इसके बाद जब टीम को पता चला कि गांव में टंकी तो बनी ही नहीं है और न ही पानी की सप्लाई शुरू हुई है, तब माहौल थोड़ा असहज हो गया। ग्रामीणों के सवालों के बीच टीम को आखिरकार दबे पांव वहां से लौटना पड़ा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ग्राम पंचायत बिचपुरी और गदनपुर आमिल में कुल 276 कनेक्शन आवंटित दिखाए गए हैं। इनमें 252 कनेक्शन बिचपुरी और 24 गदनपुर आमिल में दर्ज हैं। इतना ही नहीं, योजना संचालन के लिए प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन और पंप ऑपरेटर तक की व्यवस्था कागजों में पूरी दिखाई गई है। अब गांव वाले तंज कसते हुए कह रहे हैं कि "यह शायद देश की पहली ऐसी योजना होगी, जिसमें पानी आने से पहले बिल और कर्मचारी दोनों पहुंच गए।" ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। जल जीवन मिशन के जेई राजकुमार ने बताया की कुछ समस्या आई है जांच कराकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा जल्द ही।

Scanned with OKEN Scanner